

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 16 अंक :195 29 अक्टूबंर, 2021 मूल्य : 30/-प्रति




माँ लक्ष्मी का हाथ हो,
सरस्वती का साथ हो
गणेश का निवास हो और
माँ दुर्गा के आशीर्वाद से
आपके जीवन में प्रकाश ही प्रकाश हो

Happy Diwali




`अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में समाज के दिग्गज नेता पूर्व उपमुख्यमंत्री महाराष्ट्र वर्तमान केबिनेट मंत्री छगन भुजबल व लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के सुप्रीमो पूर्व सांसद राजकुमार सैनी सहित अनेकों प्रबुद्धजन मौजूद रहे सभी ने मिलकर समाज को एक होने का फैसला किया और यह कहा की हमारी विचारधारा एक है हम सभी मिलजुल कर समाज को संगठित करने का काम करेंगे । इस आयोजन में देश के विभिन्न प्रदेशों से समाज के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया ।










## संपादक की कलम से...

# दीपावली की सार्थकता..

दीपावली पर्व की परम्परा समाज के उमंग और उत्साह की परम्परा है, जो प्राचीन काल से चली आ रही है। यह एक निरन्तर प्रवाहित होने वाली धारा है जो सामाजिक प्रसन्नता को अभिव्यक्ति देती है। इसके आयाम विभिन्न होते हैं जो भिन्न-भिन्न त्यौहारों और अवसरों पर अनेकानेक रूप में प्रकट होते है। 'तमसो मां ज्यातिर्गमय' की वैदिक कल्पना हमारी संस्कृति को उजागर करने वाली तो है ही, साथ ही हमारे नैतिक मूल्यों के प्रतीक रूप में भी आदर्श की स्थापना करती है। प्रकाश सत्य का प्रतीक है और अंधकार असत्य का प्रकाश अंधकार पर सदैव विजय प्राप्त करता है चाहे वह कितना ही भयावह हो। इसलिए यह कल्पना की गई है कि प्रकाश पुंज फैला कर हर प्रकार के तिमिर को भगाने का प्रयास किया जाए।

सम्भव: असंख्य दीपकों की पंक्ति मौहल्ले की गलियों का अंधकार कुछ समय के लिए भगाने में समर्थ हो भी जाती होगी, किन्तु उस समाज और समाज की इकाई मनुष्य के हृदय में बसे अंधकार को तनिक भी भगाने में समर्थ है? यह एक सामान्य प्रश्न नहीं है। इस ज्वलन्त प्रश्न पर कितने लोग विचार करते है? यह विचारणीय ही नहीं चिन्तनीय भी है। बार का तिमिर यदि न भी हटे तब भी कोई बात नहीं किन्तु अन्तस का तिमिर मनुष्य समाज और राष्ट्र के हित में हटाना चाहिए। आज दीपावली मनाना एक रूढ़ी बन गया है।

दीपावली पर दीप जलाकर अंधकार भगाने का सन्तोष कर लेना है। एक औपचारिकता त्यौंहारों में भी घर कर गई है जो उत्सवों तथा पर्वो के वास्तविक स्वरूप को विकृत कर रही है। वास्तविक उद्देश्य लुप्त हो चुका है तथा बाहरी रूप हैसियत स्तर का प्रतीक बन गया है। जो जितना सम्पन्न उसका त्यौंहार भी महंगा और चमक दमक वाला। इसके विपरीत जो विपत्र है उसके लिए परम्परा का निर्वाह अनिवार्य है। हां, जगमगाहट से बाहर प्रकाश की किरण नहीं और जिस दिन दीपों का आलोक हमारे भीतर तक पहुंच जाएगा, उस दिन त्यौंहारों का मनाना सार्थक हो जाएगा।

लक्ष्मी एक प्रतीक है सम्पन्नता की, ऐश्वर्य और सुख की, किन्तु हम हैं केवल उसकी तस्वीर की पूजा में ही शताब्दियों से लगे हैं। कन में अंधकार भरे, हाथ विपन्नता से पूर्ण और अभाव से पपड़ाए होठों पर जीभ घुमा-घुमा कर प्रार्थना करते हुए हर वर्ष सुख समृद्धि की कामना करते हैं। काश कि लक्ष्मी कह पाती कि पागल मनुष्य, तू केवल दीपक जलाकर समृद्धि चाहता है यह कैसे सम्भव है, यदि तुम्हें अम्पन्नता ही चाहिए तो अपने भीतर आलोक फैला। एक धर्म से दूसरे धर्म तक दरार बहुत चौड़ी होने लगी है। मुस्कान का आन्तरिक भावों से कोई नाता नहीं है। कथनी और करनी असंगत हो गई है। महल कुटी से बहुत ऊंचा होता जा रहा है। सह यात्री पर सन्देह बढ़ गया है। दृष्टि में शंका और अविश्वास घर कर गए हैं। निजी स्वार्थ मनुष्यता को रोंदकर आगे बढ़ने की होड़ लगा रहा है। सच्चाई बेचारी शहर छोड़कर भाग गई थी अब उसे गांव भी छोड़ने पड़े हैं। एक दो नहीं अनेक ऐसे अंधेरे हैं जो भीतर ही भीतर गहरे होते जा रहे हैं। आदमी से आदमी दूर होता जा रहा है और दीपों का आलोक नकली और बेमाना सा लगता है। भाव शून्य चेहरों वाले हाथ अभ्यास वश दीप जला देते हैं, किन्तु मुस्कान अंधेरों की देहरी पर भी चढ़ना भूल गई। अभाव उसे तनाव में जीने के लिए विवश कर रहे हैं। इसलिए दीपावली ही नहीं हर त्यौंहार उसके धैर्य की परीक्षा लेते जान पड़ते हैं।

भूख और अभाव ने उसके विश्वास को खण्डित कर दिया है। एक असन्तोष जो उसके भीतर वर्षो से उबल रहा है- आज नहीं तो कल ज्वालामुखी के लावे की भांति फूटकर निकलेगा अवश्य, किन्तु अभी वह मुस्करा कर दुख झेलता है, कष्ट उठाता है। दीप जलाता है और भ्रम पालता हूं। ऐसे माहौल में परम्परा के निर्वाह के अतिरिक्त कौन से जीवन आदर्श की स्थापना हो रही है? केवल मानने के लिए मानना और जीन के लिए जीना आदमी की नियति बन गई है। किसी की दीपावली रौनक के साथ रोज मनती है तो कोई जानता भी नहीं कि दीपावली क्या होती है और कोई दीपावली होने का अनुमान इस बात से लगता है कि अब अभाव और कष्ट की सूची भेद तम में से एक रोटी की प्रकाश किरण निकलती है। वह कह उठता है कि आज दीपावली है। अन्यथा पहली आवश्यकता की पूर्ति के बिना सब कुछ फीका लगता है।

गंदी गलियों की गोदी में भारत की जवानी सोती है। वसनों के लिए बिलखती ओ 'रोटी' के खातिर रोती है। शेषित सा स्वेद बहाकर भी संध्या को आहें भर सोते दो जून मिले भरपेट अन्न उस रोज दिवाली होती है।

**वास्तव में दीपावली उसी दिन होगी जब मनुष्य को समाज में जीवन जीने के सामान्य साधन प्राप्त होंगे और तभी दीपावली की सार्थकता है अन्यथा जीवन और नैतिक मूल्यों में पहले व्यक्ति जीवन को मूलभूत आवश्यकताओं को प्राप्त करने का प्रयास करेगा। सांस्कृतिक मूल्यों का अर्थ तभी है जब पेट भरा हो और चेहरा चिन्ता से ग्रस्त न हो।**



**मनीष गहलोत**
संपादक

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।




# हमें शिक्षा के क्षेत्र में विकसित होना पड़ेगा – राजेन्द्र गहलोत

## मथानियां में कौशल प्रशिक्षण केन्द्र होगा स्थापित

तिंवरी। माली छात्रसंघ मथानिया का 36 वां वार्षिक सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह रामपुरा भाटियान में आयोजित हुआ । प्रतिभा सम्मान समारोह में 173 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया ।

जिसमें संत रामप्रसाद जी महाराज ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने पढ़ाई के प्रति हमेशा ईमानदार रहें और कड़ी मेहनत करें । समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमें शिक्षा के क्षेत्र में विकसित होना पड़ेगा । रीको के डायरेक्टर सुनील परिहार ने रामपुर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो पर चर्चा की और इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया । बहु प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान जोधपुर के देवीचंद देवड़ा ने बताया कि मथानिया में बहुत जल्द कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित होगा संस्थापक अध्यक्ष प्रेमसुख कच्छवाह ने छात्र संघ की उपलब्धियों के बारे में बताया।

इस दौरान माली छात्र संघ की वेबसाइट का भी लोकार्पण किया गया। माली छात्रसंघ अध्यक्ष दिनेश गहलोत ने माली छात्र संघ के 2 वर्षीय गतिविधियों का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में नई कार्यकारिणी का गठन कर उन्हें शपथ दिलाई गई । जिसमें मनीष सांखला को माली छात्र संघ का नया अध्यक्ष बनाया गया ।

इस कार्यक्रम में मोतीलाल साँखला समाज सेवी मीनाक्षी देवड़ा जिला परिषद सदस्य प्रेमसिंह परिहार माली समाज 16 खेड़ा के समाज के सभी बंधुओं ने भाग लिया।

खींवराज परिहार निदेशक प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान मथानिया, ओमप्रकाश गहलोत अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जोधपुर, दीपक सांखला तहसीलदार जोधपुर, अणदाराम परिहार ट्रेजरी अश्वफिसर जोधपुर, हनुमान टाक एजीएम पंजाब एंड सिंध बैंक, बंशीलाल जी कच्छावाह ब्लश्कक कांग्रेस अध्यक्ष, मदनलाल देवड़ा मथानिया बी जे पी मण्डल अध्यक्ष मथानिया, पाबूराम गहलोत समाजसेवी, चंद्रसिंह देवड़ा, सोमराज जी साँखला  अध्यक्ष माली समाज मथानिया, जयनारायण साँखला वरिष्ठ समाजसेवी, ओमप्रकाश सोलंकी सरपंच मथानिया, अंजू परिहार सरपंच बालरवा, हवादेवी देवड़ा पंचायत समिति सदस्य, रामूराम देवड़ा अध्यक्ष माली विकास संस्थान रामपुरा, पुखराज परिहार अध्यापक , नेमाराम साँखला, ललित गहलोत प्रदेश महासचिव एनएसयूआई, लिखमाराम सांखला, रामकिशोर परिहार, सांवर परिहार, अशोक गहलोत, बालकिशन परिहार, बाबूलाल सोलंकी, अजीत कच्छावाह, युधिष्ठिर परिहार, पुर्व अध्यक्ष माली छात्र संघ, सुगनाराम गहलोत प्रधानाध्यापक, भरत परिहार रामपुरा, ओमप्रकाश सोलंकी द्व्याख्यातात्र, भींयाराम साँखला द्व्याख्यातात्र  और 16 खेड़ों के समाज बंधु व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही ।

मंच संचालन अशोक टाक ओर अजीत कच्छवाह ने किया



## सर्वसमति से चुने गए राष्ट्रीय अध्यक्ष, महासचिव, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष

# पवन सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहतक के नरेश सैनी राष्ट्रीय महासचिव और दिनेश सैनी हरियाणा के आई टी सेल अध्यक्ष चुने गए







मेरठ। अंतरराष्ट्रीय सैनी समाज मार्गदर्शन एवं एकता संघ की चुनावी सभा मेरठ के सूर्य पैलेस में आयोजित हुई जिसमे भिन्न भिन्न प्रदेशों से सभी राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का प्रारंभ राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले और शिक्षा की ज्ञानज्योति राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले के चरणो मे दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया।

बैठक में संगठन के तीन वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। सभा का मुख्य उद्देश्य संगठन के त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न करवाना था जो संगठन द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी आनंद कुमार कुशवाहा के निर्देशन में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। चुनाव में अध्यक्ष पद पर पवन कुमार सैनी, उपाध्यक्ष पद पर प्रीति सैनी, सचिव पद पर नरेश सैनी, और कोषाध्यक्ष पद पर सूरजमल सैनी को राष्ट्रीयकार्यकारणी के लिए  निर्विरोध चुना गया। राष्ट्रीय संरक्षक के लिए एडवोकेट सतबीर सैनी, एडवोकेट रामरत्तन सैनी ओर राजेश सैनी को चुना गया।

डा कमल सैनी को हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष, श्रीमति प्रीति सैनी को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग (अतरिक्त प्रभार), आनंद कुमार कुशवाहा को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, विरेन्द्र सैनी को चीफ ऑडिटर, निरंजन सैनी को उत्तरांचल प्रदेश प्रभारी, सूरजमल सैनी को उतर प्रदेश अध्यक्ष का अतरिक्त प्रभार, अनिल सैनी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रांतीय अध्यक्ष व बिजनौर जिला अध्यक्ष का अतरिक्त प्रभार सौंपा गया, तथा सूबेदार मेजर समरजीत सिंह को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रांतीय उपाध्यक्ष, दिनेश सैनी को हरियाणा आई सेल अध्यक्ष,  मोहित सैनी को बिजनौर जिला युवा अध्यक्ष, श्रीमति डॉ. सुनीता सैनी को मेरठ का जिला अध्यक्ष महिला विंग तथा डॉ पूजा सैनी को जिला सहारनपुर का अध्यक्ष महिला विंग चुना गया।

सभी नव न्युक्त अधिकारियों को संगठन और समाज के प्रति निष्ठा ईमानदारी और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभा में उपस्थित सभी राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य ने समाज के उत्थान को लेकर काफी विचारविमर्श करते हुए कई प्रस्ताव पारित किए जिसका सभी ने हाथ उठाकर  स्वागत समर्थन किया। सभा में मेरठ से उपस्थित सभा आयोजक अध्यक्ष संजय सैनी, बृजवीर सैनी, बुधप्रकाश सैनी ने सभी का पगड़ी पहनाकर  पटका डाल कर सबका स्वागत किया ओर अपने विचार व्यक्त किए। नए राष्ट्रीय कार्यकारणी के नवगठित होते ही अंतर्राष्ट्रीय सैनी समाज मार्गदर्शन एवं एकता ने विश्वव्यापी होने की दिशा में एक और बड़ा कदम  बढ़ाते हुए अंतर्राष्ट्रीय सैनी समाज की बेव साइट लांच की गई। अंत में बैठक समाप्ति से पहले कोरोनाकाल में उन सभी पुण्य आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मोन रखा गया जो हमारे बीच अब नहीं रहे ओर राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय सैनी समाज मार्गदर्शन एवं एकता के समस्त सदस्यों और समस्त सैनी समाज के सभी नव नियुक्त पधाधिकारियों को बहुत बहुत बधाई शुभकामनाए देता हूं आशा करता हूं आपके नेतृत्व में समाज नए आयाम स्थापित करेगा











# हर महीने पापा के भेजे ३२०० रुपये में मुझे पापा की तस्वीर दिखती थी : शुभम

## यूपीएस सी में देश में टॉपर शुभम के साथ बातचीत

अपने पूर्व छात्र व यूपीएससी टॉपर शुभम कुमार और 2019 बैच के आईएएस कुमार विवेक निशांत का स्वागत विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोरा रविवार को हुआ। इस दौरान दोनों ने स्कूल से जुड़ी कई यादें व अपनी सफलता की कहानी अपने जूनियर्स को सुनाई.2020 के यूपीएससी टॉपर शुभम कुमार ने कहा कि इस रिजल्ट ने पूरी लाइफ चेंज कर दी। मुझे अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि मैं यूपीएससी टॉप कर गया हूं। आज के० एन० बासुदेवन सर जिंदा होतो तो बहुत प्राउड फिल करते। मैं यहां के शिक्षकों से बहुत कुछ सीखा। चार हाउस मास्टर और सोनाली मैम को धन्यवाद देता हूं। विद्या विहार शिक्षकों से बना है।

**दिल्ली में तैयारी के दौरान वीवीआरएस की पढ़ाई का तरीका आया काम**

शुभम ने आगे बताया कि जब दिल्ली में मैं तैयारी कर रहा था तो वहां भी मेरे रूम मेट निशांत थे। तब हम लोगों ने नोटिस किया की सवालों के जवाब बेहतर तरीके से कैसे दे रहे हैं। तब हमें याद आया कि विद्या विहार में इन सभी चीजों की प्रैक्टिस कर चूके हैं. प्वाइंट पढ़ाई करने का परिणाम आया है हम लोग यहां हैं। यहां के शिक्षकों का शैक्षणिक गतिविधि के साथ मोरल एजुकेशन पर बहुत फोकस रहा था। यहां पर संस्कार मिला.क्लास 6 से 10 तक संस्कर मिला वह आगे काम आया।

**मेरी जर्नी का मैं खुद गवाह हूं, हमेशा खुद से कंपटीशन रखा**

शुभम ने स्कूल के दिनों का याद करते हुए कहा कि क्लास 6जी में मेरी रैंक 35-40 के बीच रहती थी। उस समय निशांत टॉपर हुए। कक्षा 7 ए में कुछ प्रॉब्लम हुई मैं पढ़ाई अच्छी तरीके से नहीं कर पाया। इसके बाद 8 बी मैं गया इसके बाद मैं 8 ए में गया। एक दोस्त ने कहा शुभम काफी लक्की हो। 8 बी से 8 ए में आ गये, यह बात मुझे चुभ गई, इसके बाद मैंने छोटी-छोटी प्लानिंग करना शुरू कर दिया। इसके बाद 33 रैंक आई। इसके बाद मैंने सोचा की मुझे खुद से बेहतर करना है अपने से कंप्टीशन रखना है, इसके बाद मेरी रैंकिग सुधरने लगी।

**मेरी जर्नी का मैं खुद गवाह हूं**

बचपन से मैं जिद्दी रहा। मैं एक बार ठान लिया तो फिर करता था, मैंने अपने पापा-मम्मी से सीखा है कि पहले आप अच्छे इंसान बनो, मुझे फैमिली सपोर्ट काफी मिला।

**बच्चों के सवालों का दिया जवाब**

**1. आपको किसने इंस्पायर्ड किया ,आपको कब लगा यूपीएससी करना है**

शुभम ने बताया कि मेरे पिता मेरे इंस्प्रेशन है। अपने पिता से हमेशा दूसरों की मदद करना सीखा। वहां से मुझे लोगों की मदद करने का इंस्प्रेशन मिला। जब मैं लोगों के लिए काम करूंगा, तो मुझे संतुष्टी होगी।

वहीं कुमार निशांत विवेक ने जवाब देते हुए कहा मेरे मम्मी और पापा दोनों सरकारी जॉब में थे। दोनों हमेशा कहते थे कि लोगों की मदद से ही संतुष्टी मिलती है। अगर मैं कॉरपोरेट में काम करता तो मैं पब्लिक डोमन से कट जाता इसलिए पब्लिक डोमेन में आने के लिए यूपीएससी को चुना।

**2. आवासीय विद्यालय और विद्यालय में क्या फर्क है?**

शुभम ने जवाब देते हुए कहा कि आवासीय विद्यालय में सीखने को बहुत कुछ रहता है। ओवर ऑल डेवलपमेंट घर में सीमित होता है लेकिन आवासीय विद्यालय में सीखने को हल पल होता है।

**3. आपने आईआईटी पहले फिर यूपीएससी को क्यों चुना ?**

शुभम ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि आपके पास बेकअप प्लान होना चाहिए। ग्रेजुएट तो होना ही है





अगर मैं आईआईटी मैं जाता हूं तो मेरे पास एक बेकअप प्लान रहेगा इसलिए आईआईटी के बाद यूपीएससी चुना। आप अपने अनुभव से बहुत कुछ सीखते हैं। एक सीधी लाइन पर नहीं चलना चाहिए। आईआईटी के दौरान इंटर्नशिप में मुझे लगा कि यूपीएससी करना चाहिए।

**सफल होने के बाद आपके जीवन में क्या बदलाव आया**

शुभम ने बताया कि 2020 यूपीएससी की परीक्षा समाप्त होने के बाद मैं फिर से प्रीलिम्स की तैयारी में जुट गया था। पापा को कहा कि हो सकता है मुझे आईएएस नहीं मिले पर रिजल्ट आने के बाद मुझे यकीन नहीं हुआ कि मैं टॉप कर गया।

मुझे अब भी विश्वास नहीं हो रहा कि मैं टॉपर हूं सफल होने के बाद जीवन में काफी बदलाव आया है। आप रातों रात सिलिब्रिटी हो जाते हैं.कई बड़े-बड़े नेता जो आपको नहीं जानते हैं वह भी आपको कॉल करते हैं एक दिन में 500 कॉल व मैसेज आते हैं। वहीं 2019 बैच के आईएएस कुमार निशांत विवेक ने कहा कि आपकी जिम्मेवारी और बढ़ जाती है। कई नई चुनौतियां आती है जिस पोस्ट पर आप जा रहे हो उस कई तरह की जिम्मेवारी आती है।

माली सैनी समाज के शुभम की सफलता में अनेकों सामाजिक संस्थाओं के साथ राजनीतिक प्रशासनिक अधिकारियों संस्थाओं ने शुभम को हार्दिक बधाईयां प्रेषित की। हम सभी शुभम की सफलता पर उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित करते है शुभम ने अपनी प्रतिभा से समाज के सभी वर्ग विशेषकर युवा प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स को अपनी सफलता के लिए कड़ी मेहनत व प्लॉनिंग का महत्व बताया है आज शुभम देशभर में एक युथ आईकॉन के रूप में माली सैनी समाज को गौरवान्वित कर रहे है। हम उनकी सफलता के लिए उनके माता पिता का भी आभार प्रकट करना चाहते है जिनके सहयोग से शुभम ने आज देश में टॉप आकर समाज के साथ उन्हें भी गौरवान्वित किया है।

हमारे देश के युथ आईकॉन और समाज गौरव शुभम कुशवाहा को अति शीघ्र सार्वजनिक कार्यक्रम में आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा एवं युवाओं को उनके अनुभवों से लाभान्वित भी करेगें।

## हमारे गौरवशाली इतिहास के महापुरूष




# महाराजा सगर हमारे मूल पूर्वज हैं।

**जिस प्रकार वसुदेव के पुत्र श्रीकृष्ण, वासुदेव कहलाये, कुंती के पुत्र कौन्तेय कहलाये, उसी प्रकार सगर के पुत्रों (वंशजो( को सागर कहा जाता है,**

हमारी तीन खाप हैं, भगीरथी, गोले, माली।

राजा भगीरथ के वंशज भगीरथी सैनी, राजा सगर के वंशज, (सागर) सैनी या गोले तथा ज्योतिबा फूले को मानने वाले माली सैनी कहलाये।

भगीरथी सैनी तो बिजनौर से पूर्व व दक्षिण के क्षेत्र में रहते हैं। भगीरथी अधिकतर गंगा के खादर में रहते हैं।

गोले सैनी हरिद्वार, देहरादून, सहारनपुर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली से लेकर पश्चिम में हरियाणा, पंजाब व पाकिस्तान तक निवास करते हैं, तथा माली सैनी, राजस्थान, महाराष्ट्र मध्यप्रदेश इत्यादि प्रदेशो में निवास करते हैं।

तीनो खापों को एक नाम सैनी से जाना जाता है। अपने पूर्वजों को प्रचारित करो, वरना अन्य लोग उन्हें अपना कहकर तुम्हारा गौरवशाली इतिहास छीन लेंगे। हमें अपनी सभी शाखाओं पर गर्व है।

**हमें हमारे पूर्वजों के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा ले सुदृढ़ समाज की स्थापना में सभी का सहयोग ले आदर्श समाज बनाना हैं। यहीं उन महापुरुषों को सच्ची श्रद्धाजंलि होगी।**

## हमारे गौरवशाली इतिहास के महापुरूष




# सरदार नानूसिंह

**सरदार नानू सिंह सैनी एक सिख सेना के जनरल और फुलकियान रियासत में एक प्रसिद्ध जागीरदार थे ।**

वह महाराजा आला सिंह के करीबी सहयोगी थे जिन्होंने 1753 ई. में पटियाला राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने यह जागीर महाराजा आला सिंह से 1747 में सुनाम जेल से मुक्त कराने के लिए मान्यता और पुरस्कार के रूप में प्राप्त की थी जहां उन्हें अली मुहम्मद खान ने दो साल से अधिक समय तक कैद में रखा था। आला सिंह को 1747 ई. में नानू सिंह सैनी ने करम सिंह सेमेका की सहायता से मुक्त कराया था ।

इसके बाद, उन्होंने 1753 में पटियाला रियासत की स्थापना की और महाराजा की उपाधि धारण की। नानू सिंह सैनी उनके सबसे भरोसेमंद लेफ्टिनेंट और सेना के जनरलों में से एक बन गए। नानू सिंह सैनी की जेल से मुक्ति और एक सेनापति के रूप में सैन्य अभियानों में उनके योगदान के पुरस्कार के रूप में, उनके परिवार को एक बड़ी जागीर दी गई जो पटियाला, जींद और अंबाला क्षेत्रों में फैली हुई थी। पटियाला के चहल सरदारों के साथ यह सैनीपटियाला में परिवार की सम्पदा सबसे बड़े क्षेत्र थे जो कि फुल्कियां रियासत में किसी भी कुलीन परिवार के स्वामित्व में थे। नानू सिंह सैनी के परिवार को फुल्कियां दरबार में (वडे घर वाले) के नाम से भी जाना जाता था। 1763 ई. में महाराजा आला सिंह और नानू सिंह सैनी ने मिलकर जैन खान से सरहिंद को जीत लिया और इसे फुल्कियां राज्य में मिला लिया। नानू सिंह सैनी के परिवार और वंशजों ने फुल्कियां राज्य के धार्मिक और राजनीतिक मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके चार वंशज सरदार जय सिंह सैनी, सरदार सुजान सिंह सैनी, सरदार किशन सिंह सैनी, और सरदार प्रीतम सिंह सैनी, फुलकियान राज्य के शाही दरबार से निकटता से जुड़े थे। सरदार जय सिंह सैनी एक प्रसिद्ध कवि और महाराजा करम सिंह, आला सिंह के पुत्र के अत्यधिक सम्मानित सलाहकार थे। उनका काव्य संकलन (बूप भूखन) उनके द्वारा प्राचीन भारतीय आध्यात्मिक विद्या की प्रशंसा करने और राज्य मामलों में महाराजा करम सिंह का मार्गदर्शन करने के लिए लिखा गया था।

# महात्मा ज्योति बा फूले छात्रावास, भरतपुर




भरतपुर के गोलपुरा सेवर-मथुरा बाईपास स्थित महात्मा ज्योति बा फूले छात्रावास, आज भी अपने संपूर्ण विकसित आकार को लेकर प्रतीक्षारत है। यह छात्रावास अपनी निर्माण विकास यात्रा के प्रथम चरण में है। लगभग डेढ़ दशक लगभग डेढ़ दशक की लंबी यात्रा के बाद इस छात्रावास के अब तक दो मंजिल का निर्माण कार्य हुआ है जबकि योजना अनुसार यह छात्रावास 5 मंजिल का होगा हालांकि दित्य मंजिल तक यह निर्मित हो चुका है और समाज के बच्चों के लिए इसे खोला जा सकता है किंतु इस छात्रावास को भी विधिवत लोकार्पण होना शेष है इसके लिए वर्तमान समिति जननायक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कर कमलों द्वारा इसे प्रारंभ करने का प्रयास कर रही है।

इस नवनिर्मित छात्रावास में के प्रथम तल जोकि प्रथम तल चौकी में है 14 हॉल 12 बाई 16 के हॉल के मध्य 10 फुट का चौड़ा बरामदा साथ ही 20 बाई 42 फीट का बड़ा हॉल है प्रथम तल पर जो जगह है उसका बहुउद्देशीय उपयोग किया जाना है जिसमें 26 बाई 55 का सभागार 12 बाई 16 की किचन बड़ा डायनिंग हॉल 3 वीआईपी कमरे लेट बाद सहित तीन हॉल एक बरामदा एक लाइब्रेरी एक वार्डन रूम बच्चों के लिए 15 लेटबाथ बनाए गए हैं भवन के मेन गेट के पास गार्डन एवं उसके परिवार के लिए रूम किचन टीनशेड  लेट बॉथ का निर्माण किया गया है कैंपस में एक विशाल टीनशेड युक्त मंच और मंच के सामने विशाल प्रांगण प्रांगण में एक तरफ मां सरस्वती का मंदिर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले सावित्रीबाई फुले की विशाल प्रतिमा से युक्त स्मारक तीन हरे-भरे लॉन पत्थरों से 5 फुट ऊंची बाउंड्री वॉल संपूर्ण परीक्षेत्र में बाउंड्री के सहारे सैकड़ों हरे-भरे अशोक वृक्ष मैदान में आवश्यकतानुसार अन्य प्रकार के पेड़ पौधे एवं वृक्ष साथ ही पार्किंग के लिए टीनशेड, छात्रावास की मेन बिल्डिंग के सामने एक टीनशेड साथ में हरा भरा लोन स्थित है यहां समस्त कैंपस का मनमोहक नजारा देखते ही बनता है। यहां तक की यात्रा में छात्रावास के निर्माण में अनेकों बाधाएं भी आई सन 2006 में सैनी विकास समिति भरतपुर को छात्रावास आदि निर्माण हेतु 33 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया था भूमि आवंटन के पश्चात 2006 से 2012 तक यह भूमि लावारिस स्थिति में पड़ी रही लगभग 7 वर्षो बाद आवंटित भूमि पर छात्रावास के निर्माण हेतु कोई विकास कार्य ना होने पर राज्य सरकार द्वारा सैनी समाज विकास समिति भरतपुर को एक नोटिस दिया गया छात्रावास के लिए आवंटित भूमि को क्यों ना रद्द कर राज्य सरकार अपने कब्जे में ले।

जैसे ही भूमि का आवंटन रद्द करने की चेतावनी समिति को मिली तब समिति जागी और भूमि को बरकरार रख छात्रावास निर्माण हेतु समाज की एक मीटिंग 2013 में आहूत की गई जिसमें जुगल किशोर सैनी भरतपुर वालों को सैनी समाज विकास समिति भरतपुर का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया पूरे छात्रावास निर्माण की जिम्मेदारी अपनी एक टीम बनाकर उनके कंधों पर डाली गई जिसमें समाज के सभी वर्गों द्वारा पूर्ण सहयोग और समर्थन प्रदान करने का आश्वासन दिया गया फिर क्या था बहुत ही शीघ्र भूमि पर कब्जा करने वाले कब्जा धारियों से आवंटित भूमि को खाली करवाया गया गांव कस्बों से समाज बंधु का सहयोग मिलना शुरू हुआ प्रथम वर्ष में ही भूमि को समतल करवा बाउंड्री वाल बना दी गई छात्रावास की प्रथम मंजिल पर 14 हॉल बन कर तैयार हो गए। समर्पित कार्यकर्ताओं की टीम भी तैयार हो गई शीघ्र ही दूसरा मंजिल भी बनकर तैयार हो गया यह सब के लिए पारदर्शी आय/व्यय की समुचित योजना बनाकर भी कार्य किया गया समिति के अध्यक्ष जुगल किशोर सैनी ने अपनी आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि हमारे समाज के शैक्षणिक जगत के पूर्व आईईएस रोमन सैनी की अनअकैडमी एवं निर्मल गहलोत की उत्कर्ष कोचिंग संस्थान से जुड़कर छात्रावास के अंदर बड़ी स्क्रीन पर ऑनलाइन कोचिंग की भी योजना समाज के युवकों को उपलब्ध कराने की समिति प्रयासरत है युवाओं को स्कील डेवलपमेंट एवं विद्यालय स्थापित करने की दिशा में हम योजना बना रहे हैं वर्तमान में हम संभाग स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में दूरदराज से आने वाले समाज के युवाओं को निशुल्क रहने, चाय-नाश्ता भोजन की सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं केवल राजस्थान ही नहीं अपितु समस्त सैनी समाज से अपील है कि वह हमारा सहयोग करें ताकि छात्रावास अपनी परिकल्पना के अनुसार पांचवी मंजिल तक पहुंचे और हम समाज के युवाओं के भविष्य निर्माण में अपना योगदान देकर समाज के विकास में भागीदार बनें।

## संस्थान की वर्तमान कार्यकारिणी

जुगल किशोर सैनी अध्यक्ष, रामदयाल कुशवाहा महासचिव जगदीश सैनी कोषाध्यक्ष
**सदस्य :** चेतन सिंह सैनी, रामस्वरूप सैनी, जीवाराम सैनी, सुखदेव सैनी, दुलीचंद सैनी, खेमसिंह सैनी, धर्मेंद्र कुमार सैनी, डिंपल प्रसाद सैनी, राजेंद्र सिंह सैनी, अमरसिंह सैनी, कालीचरण सैनी, चरणसिंह सैनी, भगवान सिंह सैनी, प्रेमसिंह सैनी, यादराम सैनी, मूलचंद सैनी सदस्य के रूप में संस्था को सहयोग कर रहे हैं

**भामाशाहों द्वारा सहयोग**

| | | |
|---|---|---|
| जुगल किशोर सैनी | सैनी मिष्ठान भंडार | रू. 21 ,21,111/- |
| भगवान सिंह सैनी | गिरिराज मिष ठान भंडार | रू. 11,11,251/- |
| पदम सिंह सैनी | सैनी टेंट हाउस | रू. 10,11,000/- |
| मांगीलाल कुशवाह | रूदावल | रू. 02,51,000/- |
| जीव राम सैनी | सैनी मेडिकल | रू. 02,51,000/- |
| पदमसिंह सैनी | रामस्वरूप सैनी सैनी टेंट हाउस | रू. 02,51,000/- |
| रामदयाल कुशवाहा | व्याख्याता | रू. 02,51,000/- |
| सुखदेव सैनी | श्री रतनसिंह सैनी भीमा ग्राइंडर | रू. 02,51,000/- |
| लक्ष्मण सैनी | प्रधानाचार्य | रू. 02,51,000/- |
| गिरिराज प्रसाद सैनी | अध्यापक | रू. 02,51,000/- |
| हेमराज सैनी | भरतपुर | रू. 02,51,000/- |
| फौजी राम सैनी | भूअभिलेख निरीक्षक | रू. 02,51,000/- |
| श्रीमती गुड्डी सैनी | पुत्री पदम सैनी | रू. 02,51,000/- |
| श्रीमती उर्मिला | धर्मपत्नी स्व. जगदीश नारायण | रू. 02,51,000/- |
| मुरारी लाल सैनी | हैदराबाद | रू. 02,51,000/- |
| चतर सिंह सैनी | पार्षद | रू. 01,11,000/- |
| दयालचंद चौधरी | नगला लौथा | रू. 63,000/- |
| टीकम सिंह सैनी | फौजी होटल | रू. 62,000/- |
| राजेंद्र सिंह सैनी | पूर्व अध्यक्ष | रू. 61,000/- |
| श्री सैनी समाज | नगला लौथा | रू. 52,892/- |
| कालीचरण आढ़तिया | भरतपुर | रू. 51,000/- |
| प्रहलाद सिंह सैनी | त्योगा | रू. 51,000/- |
| केदार सैनी | नगर पालिका चेयरमैन | रू. 51,000/- |
| मनफूल सिंह सैनी | रिटायर्ड वाणिज्य कर अधिकारी | रू. 51,000/- |
| सैनी समाज | बल्लभगढ़ | रू. 51,000/- |
| भगवान सिंह सैनी | गणेश बॉक्स | रू. 50,000/- |
| लखन सिंह कुशवाह | पार्षद | रू. 17,000/- |
| गोपाल कुशवाहा | पार्षद | रू. 17,000/- |
| हरिओम कुशवाहा | पार्षद | रू. 17,000/- |



# गुरप्रीत कौर सैनी की पुस्तक का राज्यपाल ने किया विमोचन

महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मंगलवार को राष्ट्रवादी चिंतक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार की जीवनी पर आधारित गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक सुपरवाइजर गुरप्रीत कौर सैनी द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया। गुरप्रीत कौर सैनी की 4 पुस्तकें पहले ही प्रकाशित हो चुकी है आप हरियाणा पंजाब साहित्यिक आकदमी पंचकूला, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड हिसार और फिल्म सर्टिफिकेशन बोर्ड दिल्ली की सदस्य भी रह चुकी है। हम गुरप्रीत सैनी को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते है



## हार्दिक बधाईयां

**युवा मनीष कच्छावाह**

पुत्र श्री गायड़राम जी (फाटक वाला बेरा,पीपाड़ शहर) को NEET में All India 713वी और OBC में 169वीं रैंक हासिल करने पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं



## युवा दंपति का विदेशों में भी डंका

अल्फा TND लिमिटेड घाना के CMD पंकज भाटी एवं श्रीमती विनीता भाटी के एक बार फिर श्रेष्ठ इलेक्ट्रिक Manufacturing कंपनी और Outstanding Manufacturing Innovation Company by National Customers* Choice Awards Ghana 2021 मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

हमें आप दोनों पर गर्व है आपने विदेश में अपनी प्रतिभा एवं कार्यकुशलता से समाज के साथ देश को गौरवान्वित किया है।

श्रीमती विनीता भाटी के पिता प्रोफेसर एस. एन. माली भी प्रसिद्ध शिक्षाविद् है।

## जगदीश तंवर ने दुष्कर्म आरोपी के खिलाफ 5 दिन में चालान पेश किया



राजस्थान पुलिस, थाना कोटखावदा चाकसू जयपुर ने 26 सितंबर को कोटखावदा में हुए 9 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए 5 दिन में ही दुष्कर्मी के खिलाफ सभी कानूनी प्रक्रिया कर उसे जेल पहुँचाया। नन्हीं बच्ची के साथ कुकर्म करने वाले वहशी दंरिदे को पकड़ न्याय प्रक्रिया में पहली बार इतनी त्वरित कार्यवाही करने वाले आप जैसे ईमानदार ऑफिसर से सीख लेते हुए सभी पुलिस अधिकारी अगर कार्य करें तो ऐसे अपराध करने वालों में खोफ रहेगा और दुष्कर्म की वारदातों में भी कमी आएगी। पुलिस ने 13 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार किया। अगले 5 घंटे में अदालत में चालान पेश कर दिया था।

4 कार्यदिवस में एफएसएल रिपोर्ट तैयार हुई और 5 कार्य दिवस में पॉक्सो कोर्ट ने अपराधी को 20 साल जेल की सजा सुनाई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि यह राजस्थान सरकार की पीड़िता को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। राजस्थान सरकार हर दुष्कर्मी को जल्द से जल्द कठोरतम सजा सुनिश्चित कर हर पीड़िता को इंसाफ दिलाएगी। इस हेतु हमारी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का नतीजा ऐसे फैसलों में दिखता है।



## डॅा ममता सैनी ने बिना रुके 24घण्टे कविता पाठ कर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

बहादुरगढ़। शहर के मस्जिद मोहल्ला की रहने वाली कवयित्री डा. ममता सैनी का नाम वर्ल्ड बुक अश्वफ रिकार्ड्स लंदन में दर्ज हुआ है। ममता सैनी को यह विश्व कीर्तिमान उनके द्वारा 18 से 19 अप्रैल 2021 तक 24 घंटे लगातार बिना रुके कवियों पर कविता नाम से ऑनलाइन काव्य समारोह अखंड काव्यायन कार्यक्रम का आयोजन करने पर मिला है। वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड्स लंदन ने गत 15 सितम्बर को डा. ममता सैनी को इसका प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। डॉ. ममता सैनी के नाम विश्व कीर्तिमान स्थापित होने से बहादुरगढ़ के लोगों व उनके परजिनों में खुशी का माहौल है। डा. ममता फिलहाल अपने पति सी.ए. राकेश सैनी व बच्चों के साथ तंजानिया में रहती हैं। वे तंजानिया के दार.एस. सलाम स्कूल में कंप्यूटर साइंस की टीचर हैं






### हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने 21 लाख रुपए देने की घोषणा, डिजिटल लाइब्रेरी के लिए 11 लाख रुपए अलग से देंगे

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने सैनी धर्मशाला के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा



नारनौल। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आज सैनी सभा नारनौल द्वारा लगभग 3 करोड रुपए की लागत से तैयार नवनिर्मित सैनी धर्मशाला का उद्घाटन किया। उपमुख्यमंत्री ने सैनी धर्मशाला के लिए 21 लाख रुपए व इसमें डिजिटल लाइब्रेरी के लिए 11 लाख रुपए की देने की घोषणा की। इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने सैनी धर्मशाला के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की।

उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सैनी धर्मशाला के उद्घाटन समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे 2009 में यहां काम करने का मौका मिला था लोकसभा चुनाव में प्रभारी के तौर पर। उन्होंने उस समय को याद करते हुए बताया कि मुझे याद है लोग बताते थे कि इस जमीन पर यह बिल्डिंग समाज द्वारा उस समय अपने स्तर पर दान करके बनाई है।

उसी प्रकार से आपने आज यह धर्मशाला विकसित की है। उन्होंने कहा कि यह बहुत जरूरी चीजें हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की संस्थाएं चाहे किसी भी समाज द्वारा बनाई गई हो वह बनने के बाद सार्वजनिक हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की संस्था बनने के बाद सभी समाज के वर्गों के काम आती है।

इस अवसर पर कमलेश सैनी ने भी संबोधित किया जबकि बीजेपी जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जेजेपी ग्रामीण जिला अध्यक्ष मंजू चौधरी, जेजेपी शहरी जिला प्रधान अशोक सैनी, पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, पूर्व सीपीएस अनीता यादव, पूर्व नगर परिषद चेयरपर्सन भारती सैनी, व्यापार मंडल के प्रधान बजरंग लाल अग्रवाल, मार्केट कमेटी के निवर्तमान चेयरमैन जेपी सैनी, गुरु गोबिंद स्कूल के प्रधान सरदार गुरमेल सिंह, कंवर सिंह कलवाड़ी, समाजसेवी सुरेश पाल, अधिवक्ता रतनलाल सैनी, सैनी समाज के प्रधान भगवानदास सैनी, महा सचिव केसरी नंदन, रामजी लाल, मुंशी राम, सचिव राजेंद्र सैनी, पूर्व प्रधान प्रेम भगत, भूषण कुमार के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# विजेन्द्र सिंह सैनी बनें सावित्री बाई ज्योतिराव फूले ट्रस्ट के अध्यक्ष, आजाद सिंह सैनी महामंत्री

दिल्ली।17/10/21 को सावित्रीबाई ज्योतिराव फूले ट्रस्ट के चुनाव अधिकारी श्री दिनेश सैनी ने चुनाव परिणाम की घोषणा की जिसमें अधक्ष श्री विजेंद्र सिंह सैनी महामंत्री श्री आजाद सिंह सैनी कोषाध्यक्ष श्री जेपी सैनी को विजय घोषित किया।

सैनी भवन मंगोलपुरी में हुए इस चुनाव में विजय उम्मीदवारों को समाज के विभिन्न गणमान्य लोगों ने बधाई दी प्रमुख रूप से चो. इंद्रराजसिंह सैनी, वरिष्ठ समाज सेवी, जीपी माली भोपाल, एडवोकेट अनुभव चंदेल जयपुर, शंकरराव लिंगे महाराष्ट्र, सुकुमार पेटकुले तेलंगाना, हरीश पटेल छत्तीसगढ़, अनुदराम पटेल उड़ीसा, संजय मालाकार बिहार, मदनलाल माली तमीलनाडू, रविन्द्र कुमार सैनी उत्तर प्रदेश, रामजीप्रसाद सिन्हा झारखंड, महात्मा फूले सामाजिक शिक्षण संस्थान के गंगाराम गहलोत गुजरात अध्यक्ष, रामनारायण चौहान मध्य प्रदेश, महासचिव, रामलाल कच्छावा राजस्थान कोषाध्यक्ष, श्रीमती शशि सैनी हरियाणा, एन नरेंद्र बाबू कर्नाटक उपाध्यक्ष एवं आरपी सैनी, भीम सिंह सैनी दिल्ली, रामेश्वर मारोठिया डीडवाना,पूनमचंद कच्छावा जयपुर, रामनारायण सोलंकी जोधपुर कमल कछावा,मोहनलाल कछावा सुजानगढ़,आदि ने भी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए अपील की है कि ट्रस्ट जिस उद्देश्य




के लिए बनाया गया है, उसके अनुसार दिल्ली में एक भव्य बहु उपयोगी सामाजिक भवन का निर्माण कार्य सभी बाधाओं को दूर कर प्रारंभ किया जाए, जिससे कि देशभर के समाज बंधुओं को यहां ठहरने, शिक्षा प्राप्त करने हेतु आए हुए विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, सामाजिक गतिविधियां, सांस्‌तिक गतिविधियां एवं महात्मा जोतिराव फूले सावित्रीबाई फूले के आदर्शों को आगे बढ़ाने का साहित्य एवं कार्यक्रम इस भवन के माध्यम से आगे बढ़ाया जाए।

## अत्यंत दु:खद

## सादर नमन



## दूसरों की जान बचाने वाले अमित सैनी की मौत खुद प्लेटलेटस गिरने से हुई

### डेंगू से हार गया खून देकर दूसरों की जान बचाने वाला युवा

# अमित सैनी

प्लेटलेट्स अचानक कम हो जाने से अमित सैनी की मौत हो गई। दोस्तों को यकीन नहीं हो रहा कि जिस अमित ने अनगिनत मरीजों की जान प्लेटलेट्स देकर बचाई, वह खुद प्लेटलेट्स गिरने से दम तोड़ गया।

एक आवाज पर बिना सोचे समझे जरूरतमंदों को रक्तदान करने पहुंचने वाला अमित डेंगू से हार गया। प्लेटलेट्स अचानक कम हो जाने के कारण अमित सैनी की मौत हो गई। दोस्तों को यकीन नहीं हो रहा कि जिस अमित ने अनगिनत मरीजों की जान प्लेटलेट्स देकर बचाई, वह खुद प्लेटलेट्स गिरने से दम तोड़ गया।

अमरगढ़ गामड़ी कैथल के 23 वर्षीय अमित सैनी हाल में जीरकपुर में रहता था। यहां वह अपना व्यवसाय करता था। वह रक्तदान अभियान में खूब योगदान देता था। दिन हो या रात वह हर समय रक्तदान के लिए तैयार रहता था। उसका ब्लड ग्रुप ए पॉजिटिव था। दो साल पहले वह महाकाल ब्लड सेवा ग्रुप बरवाला से जुड़ा था। इस दौरान उसने 10 बार प्लेटलेट्स और 10 बार रक्तदान किया था। संस्था के अध्यक्ष शुभम का कहना है कि ग्रुप पर खून की जरूरत संबंधी सूचना आने पर अमित सबसे पहले पूछता था कि ग्रुप कौन सा है। उसने कभी यह नहीं सोचा कि हर बार मैं ही क्यों खून दूं। कुछ दिनों पहले पीजीआई में भर्ती एक गर्भवती महिला को प्लेटलेट्स देकर उसके बच्चे की जान बचाने में भी अमित ने योगदान दिया था।

अमित एक हफ्ते से पीड़ित था। इस दौरान कैथल और मोहाली के अस्पताल में 5 यूनिट प्लेटलेट्स चढ़ाई गई, लेकिन बुधवार को मोहाली के निजी अस्पताल में भर्ती अमित की प्लेटलेट्स गिरकर छह हजार पर पहुंच गई। काफी प्रयासों के बावजूद प्लेटलेट्स नहीं बढ़ पाई और अमित ने दम तोड़ दिया। हम सभी रक्तवीर अमित सैनी के दुखद निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परम पिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के साथ ही परिवार जनों को यह असीम वज्रपात सहन करने की ईश्वर से शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं

## एम.बी.ए. करने की बजाय मशरूम उगाने की राह चुनी घर पर ही लैब और खेती, अब ऑर्डर इतने कि सप्लाई नहीं कर पाते

खेती भले ही ग्रामीणों का पेशा माना जाता हो, लेकिन अब शहर के कई उच्च शिक्षित युवा भी इसमें नए आइडियाज के साथ आ रहे हैं। ऐसे ही एक युवा हैं चोखा निवासी 26 वर्षीय जितेंद्र सांखला। बीसीए पासआउट मशरूम की एक-दो नहीं बल्कि पूरी 9 तरह की प्रजातियां विकसित कर रहे हैं। शहर के बाजारों में भी यह सप्लाई आ रही है। खास बात यह है कि मशरूम के बीज घर में और पैदावार भी घर में ही उगाई जा रही है। जितेंद्र एमबीए करना चाहते थे, लेकिन किन्हीं कारणों से कर नहीं पाए। पिता किसान हैं तो बचपन खेतीबाड़ी व फसलों के बीच बीता। ऐसे में एक दिन किताब में मशरूम की खेती के बारे में पढ़ा। थोड़ी रुचि जागी तो रिसर्च शुरू कर दी। इंटरनेट पर मशरूम से जुड़ी कई जानकारियां हासिल कर लीं। मशरूम उगाने के लिए बेसिक ट्रेनिंग की अड़चन आई तो हिमाचल प्रदेश के सोलन में जाकर मशरूम के बीज उगाना सीखा। उदयपुर में जाकर मशरूम की खेती से जुड़े और विभिन्न प्रजातियों पर नॉलेज ली। उनको इस तरह काम करता देख घरवाले भी थोड़ा हिचक रहे थे। जितेंद्र ने पिता को समझाया कि काम कोई भी छोटा नहीं होता। यह भी अच्छा काम ही है, चल पड़ा तो दूसरी ओर देखने की जरूरत नहीं होगी। घरवालों ने भी पूरा सहयोग दिया। बीज उगाने के काम आने वाली मशीनें खरीदने को पैसे दिए।





लैब में तैयार होता है बीज, कमरे में उगाते हैं मशरूम मशरूम की अधिकांश प्रजातियां सदह्न के मौसम में उगती हैं, इसलिए जितेंद्र बीज लैब में तैयार कर लेते हैं। बाद में इन्हें 10 गुणा 10 के कमरे में टेंपरेचर सेट कर मशरूम उगाए जाते हैं। न्यूनतम 20 डिग्री व अधिकतम 35 के बीच में ही मशरूम उगते हैं। अलग-अलग किस्म के लिए अलग-अलग टेंपरेचर चाहिए होता है। 9प्रजातियों के मशरूम 1. व्हाइट ऑस्टर 2.ग्रे ऑस्टर 3. पिंक ऑस्टर 4.बलू ऑस्टर 5.किंग ऑस्टर 6. मिल्की मशरूम 7.बटन मशरूम 8.सिटा के मशरूम 9. टेरेशियम।

### 2017 में काम शुरू किया अब 5 मशीनों से काम कर रहे

जितेंद्र ने एक-एक कर 5 मशीनें खरीद लीं। यह घर के एक कमरे में लैब की तरह यूज आ रही हैं। इन मशीनों में मशरूम के विभिन्न तरह के बीज तैयार किए जाते हैं। इन्हें मौसम के अनुकूल उगाकर मशरूम की पैदावार ली जा रही है। घर के दूसरे कमरों में मशरूम उगाए जा रहे हैं। 2017 में प्रायोगिक तौर पर शुरू किया काम अब पूरी तरह स्थापित हो चुका है। जितेंद्र के इस काम में काजरी के वैज्ञानिक डॉ. एसके सिंह ने गाइड किया। जितेंद्र ने बताया कि बीज उगाने की मशीनों पर खर्चा होता है। एक मशीन तकरीबन 5 लाख की पड़ती है। एक से भी बीज उगाकर काम किया जा सकता है। इसके लिए पूरा माइक्रोबायोलश्रजी का सेटअप चाहिए। उन्होंने बताया कि फिलहाल जितनी डिमांड आ रही है, वो पूरी नहीं कर पा रहे हैं।




## हमारे गौरवशाली इतिहास के महापुरुष

## नगर सेठ

# स्व.श्रीमान शंकर लाल परिहार

## (1905–1987)

1. विश्व प्रसिद्ध धरोहर के उम्मेद भवन पैलेस के निर्माता और वहाँ लगे छित्तर पत्थर के सप्लायर

2. जोधपुर के हवाई अड्डे आर्मी एयरफील्ड (Jodhpur Flying Club & Royal Air Force) के निर्माता

3. सरदार समंद का रिकॉर्ड समय मे निर्माण कर जोधपुर के लिए पानी सप्लाई में अति महत्वपूर्ण कार्य

### उपरोक्त के अलावा

जोधपुर रेलवे स्टेशन का निर्माण

महात्मा गांधी हॉस्पिटल का निर्माण

उम्मेद अस्पताल का निर्माण

पुराना हाई कोर्ट जुबली चेंबर का निर्माण

पब्लिक पार्क स्थित संग्रहालय का निर्माण..

भारत के महामहिम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी द्वारा सम्मानित

वर्ष 1961 में नगर पालिका के चैयरमैन बन जन सेवा के कार्य करने वाले।

आप आज की युवा पीढ़ी के लिए एक आदर्श Entrepreneur है।

समाज के प्रेरक व्यक्तित्व के धनी ने समाज को गोरवान्वित किया है हमें आप पर गर्व है।

आपको बारम्बार, सादर नमन, विनम्र श्रद्धांजलि

**नगर सेठ स्वर्गीय शंकरलाल परिहार**

नगर सेठ शंकरलाल परिहार का जन्म 13 सितबंर, 1904 को सूरसागर जोधपुर में रामदास परिहार के यहां हुआ। आपकी माता का नाम श्रीमती लक्ष्मीबाई था। चार वर्ष की उम्र में ही आप पर आपके पिताजी का साया उठ गया। अत: आपका लालन पालन आपकी माताजी ने किया। आपने कुछ अर्से तक बाल्य अवस्था में अपने पितामह छोगालाल बाद में ठेकेदार प्रतापसिंह कच्छवाह के संरक्षण में काम धंधे का अनुभव प्राप्त किया। 20 वर्ष की आयु में ही आपने पत्थर का कारोबार स्थापित किया, जिसमें आपकी निरंतर प्रगति होती रही। आपकी मिलनसारी, कुशलता, त्याग, शांत स्वभाव, व्यवहार कुशलता से आम जनता ने सेठजी की उपाधि दी व छोट-बड़े सभी लोग आपको सेठजी के नाम से जानने लगे। सेठ साहब की रूचि समाजसेवा व धार्मिक कार्यों में भी बराबर रही।

सन्1935 में जोधपुर नगर में अकाल से राहत पाने के लिए एक आपातकालीन योजना हेमावास, पाली व सरदार समन्द बांध नहर बनाने के लिए बनी। उसमें नहर के लिए विशेष भाग को बचाने के लिए राज्य सरकार ने आपको ठेका दिया। आपने पूरी लगन से नहर का कार्य पूरा किया व गर्मी की ऋतु प्रारम्भ होने से पूर्व कार्य पूरा किया व जोधपुर तक पानी पहुंचा दिया। जोधपुर के तत्कालीन महाराजा श्री उम्मेदसिंह जी ने नहर का उद्घाटन के समय अपने कर कमलो से सनद प्रदान कर आपको सम्मानित किया। सन्1939 से 1944 में जोधपुर सरकार ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जोधपुर में जब अमेरिकन वायुसेना, ब्रिटिश वायुसेना व भारतीय वायुसेना का केन्द्र बनाया गया, तब आपको उस वक्त हवाई अड्डे बनाने के कार्य में सारा पत्थर सप्लाई का कार्य सौंपा गया जिसे आपने समय पर पूर्ण किया।

जोधपुर के प्रसिद्ध उम्मेद भवन बनाने का कार्य तब की राज्य सरकार ने पी.डब्ल्यू.डी. से कराया तब भी उम्मेद भवन में पत्थर सप्लाई का कार्य आपने कुशलतापूर्वक यथासमय पर पूरा किया। शिक्षा के क्षेत्र में आप सूरसागर में कन्या पाठशाला बनान के कार्य में अग्रणी थे। शिक्षा प्रचार संघ की स्थापना व जोधपुर आर्यसमाज भवन बनाने में भी आप आगे रहे। धर्म के क्षेत्र में कालूरामजी की बावड़ी के महादेवजी का मन्दिर की स्थाई आमदनी के लिए दूकानें बनाने में आप सबसे आगे रहे। आप समाज की श्री सूमेर स्कूल की कार्यकारिणी में कई वर्षो तक सदस्य रहे। सूरसागर आर्य समाज के भी वर्षो तक प्रधान रहे। जाति संगठन व कुरीतियाँ मिटाने में आपने समाज हित के कई प्रंशसनीय कार्य किये।

आप ऑल इण्डिया सैनी कुशवाहा समाज स्वर्ण जयंति समारोह गुड़गांव (हरियाणा) 8 मार्च, 1975 में अध्यक्ष बनाए गए। राजनैतिक क्षेत्र में भी आपको काफी ख्याति मिली। कुछ वर्षो तक आप सूरसागर क्षेत्र में नगर परिषद के सदस्य भी रहे व 1954 – 55 में जोधपुर नगर परिषद के अध्यक्ष पद पर रहकर भी सेवा की।

आपका व्यापार क्षेत्र पत्थर तक ही सीमित नहीं था। आपने पेट्रोल का व्यापार भी स्थापित किया व कई बस सर्विस चलाई। अंत में जयपुर में क्षीरसागर होटल 1963 में स्थापित किया। आपको खेती का भी बड़ा शौक था। आपका फार्म लक्ष्मी कूप के नाम से सूरसागर क्षेत्र में प्रसिद्ध है।

स्वर्गवास के पूर्व आपने यह स्पष्ट हिदायत दी कि मेरे स्वर्गवास के बाद कोई मौसर नहीं किया जाए। अंतिम रूप से उठावणा तीसरे दिन कर दिया जाए व कोई उनके पीछे कपड़े साफे न लेवे। सिर्फ दस्तूरी के रूप में उनके बड़े लड़के के मामाणे के सिवाय और किसी से साफे नहीं लिये जाए। आपके कार्य समाजसेवा, नि:स्वार्थ त्याग, तपस्या, भावी पीढ़ी के लिए सदा प्रेरणा के स्त्रोत बने रहेंगे।

समाज के ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी शंकरलाल परिहार को हम सादर नमन करते हुए विनम श्रद्धांजलि अर्पित करते है।



## सुश्री जया सैनी को सिविल जज बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सुश्री जया सैनी पुत्री श्री शिवभगवान सैनी, पौत्री स्व. डा. महादेव प्रसाद जी खडोलिया निवासी चूरू।

अत्यंत हर्ष है कि सुश्री जया सैनी का 2019 में सिविल जज (RJS) के पद पर चयन हुआ था, तत्पश्चात झुंझुनू चूरू एवं फतेहपुर में 1 वर्ष की ट्रेनिंग सफलतापूर्वक संपन्न करने पर दिनांक 11-10-21 को डीडवाना कोर्ट में सिविल जज के पद पर नियुक्ति हुई है एवं इसी तारीख को आपने ड्यूटी जॉइन कर ली है।

माली सैनी समाज को आपकी इस गरिमामय उपलब्धि पर बहुत गर्व है। समाज की ओर से आपको बहुत-बहुत बधाई एवं आपके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।




## युवा पत्रकार श्री भगारामजी पंवार का निधन

माली समाज मे शोक की लहर सभी के प्रिय बालोतरा न्यूज ट्रैक संपादक दैनिक जलतेदीप के ब्यूरो चीफ श्री भगाराम पंवार के दुखद निधन की खबर सुनकर निशब्द हूं हतप्रभ हूं।

आपका इस तरह से दुनिया को छोड़कर चले जाना अपूरणीय क्षति है । भगवान पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें एवं परिवारजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति दे।

## प्रमोद टाक बनें डॉयरेक्टर



जोधपुर। कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी प्रमोद टाक (एडिशनल चीफ इंजीनियर) को JVNL के डायरेक्टर टेक्निकल के पद पर नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री श्रीमान अशोक गहलोत का हार्दिक आभार अभिनंदन।



## 21वर्ष की उम्र में युवा सुरेश कुमार सैनी का अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा IAS प्रारंभिक परीक्षा में चयन

माली समाज सेवा संस्थान सिरोही के उभरते हुए सितारे सुरेश कुमार पुत्र गोपाल राम माली निवासी हरजी (जालोर) का प्रथम प्रयास में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2021 के प्रारंभिक परीक्षा में चयन।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा की प्रारंभिक परीक्षा में युवा सुरेश कुमार माली ने अपने प्रथम प्रयास में मात्र 21 वर्ष की उम्र में स्नातक अंतिम वर्ष में यह सफलता की मिसाल कायम की। सुरेश कुमार ने इस सफलता का श्रेय माली समाज सेवा संस्थान सिरोही के अध्यक्ष श्री चेताराम माली एवं गणमान्य सदस्यों को दिया।

सुरेश कुमार ने बताया कि छात्रावास की माकूल व्यवस्था पुस्तकालय, अध्ययन कक्ष का वातावरण एवं संस्थान की कार्यकारिणी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सफलता प्राप्त की है। संस्था के अध्यक्ष चेताराम जी एवं कोषाध्यक्ष देवाराम जी ने बताया कि ऐसे समाज के होनहार विद्यार्थियों पर समाज को गर्व है।

समाज के सभी गणमान्य सदस्यों एवं छात्रावास में अध्ययनरत सभी छात्रों ने सुरेश के मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण होने की अग्रिम शुभकामनाएं दी। ग्रामीण क्षेत्रों में अब शिक्षा के प्रति जो जागरूकता आई है वह हमारे समाज के लिए बहुत ही सुखद है। हमारी सामाजिक संस्थाओं में अध्ययरत स्टूडेंट्स की अनेकों प्रतियोगी परिक्षाओं में सफलता बहुत ही प्रेरक पहल है।




## दिल्ली को आंतकी हमले से प्रमोद कुशवाहा ने बचाया

दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के डीसीपी प्रमोद कुशवाहा ने देश की राजधानी को दहलाने की कोशिश करने वाले पाक आतंकी मोहम्मद अशरफ को पकड़ त्यौहारों पर होने वाले खून खराबे से बचाया।

जांबाज पुलिस अधिकारी प्रमोद जी का हार्दिक अभिनंदन। इससे पहले भी आपने दर्जनों आतंकवादियों को पकड़ा है। हमें आप पर गर्व है आपने अपनी श्रेष्ठ कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा से ड्यूटी को अंजाम दे आतंकी घटना से बचाया।




### ऋतुराज गायकडवाड़ का भारतीय टीम में चयन

इस सीजन के आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले युवा ऋतुराज सैनी गायकवाड ने ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली आईपीएल में सबसे ज्यादा 635 रन बनाए है।

24 वर्ष की सबसे कम उम्र में ऑरेंज कैप प्राप्त करने वाले पहले खिलाड़ी बने आईपीएल के इसके अलावा 3, 4 और रिकॉर्ड कायम किए ऋतुराज सैनी ने साथ ही इनका चयन भारतीय टीम में भी हो गया है।

## ऑर्थोपेडिक वार्ड का जीर्णोद्धार




माली संस्थान जोधपुर के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय पुखराज सांखला की पावन स्मृति में परिवार जनों द्वारा महात्मा गांधी अस्पताल के अश्वर्थोपेडिक वार्ड का जीर्णोद्वार कर आमजन के लिए समर्पित किया गया।

आदरणीय पुखराज सांखला की सेवा से सीख लेते हुए परिवारजनों द्वारा सेवा का यह अनुकरणीय उदहारण प्रस्तुत किया गया जिसका हम सभी हृदय से आभार प्रकट करते है।

# शिक्षा उत्थान के लिए विचार मंथन





उज्जैन। हमारा समाज बहुत ही पिछड़ा है, विशेष कर बच्चों को शिक्षा के साथ रोजगार के विषय में मार्गदर्शन की आवश्यकता है, हमारे समाज के अनेक समाज बंधु मध्यप्रदेश के शहरों में समाज के बच्चों के लिए कार्य कर रहे है, हमारे समाज में प्राथमिकी शिक्षा के बाद बहुत से बच्चे पढ़ाई लिखाई त्याग देते है, जबकि उनमें पढ़ने की बहुत रुचि रहती है। समय की परीस्थितियों के कारण वह ऐसा करते है, इसके साथ अन्य कारणों से भी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते है।

हमें ऐसे बच्चों का सर्वे कर उनकी सूची बनाकर पढ़ाई के लिए प्रेरित करना चाहिए, यदि पढ़ाई में आर्थिक परेशानी आ रही है तो उसके लिए स्थानीय समाज बंधुओं के माध्यम से सहयोग प्रदान करेंगे। समाज की शिक्षित प्रतिभाओं को हमें तरासना होगा, आगे हम उन्हें कैसा सहयोग कर सकते है, इसके विषय में भी चिंतन करना चाहिए, अब समय आ गया है कि हम हमारे युवाओं छात्र-छात्राओं के लिए मार्गदर्शन का कार्य कर उनकी परेशानियों को कम करें, हम प्रदेश में आईएएस अधिकारी देखना चाहते है, हमारा समाज आर्थिक सहयोग के लिए तैयार है, वहीं समाज में हमें शिक्षित बालक-बालिकाओं के लिए सहयोग प्रदान करें, ताकि वह अपना ठीक से केरियर बना सकें ।

यदि हम शिक्षा के साथ रोजगार को जोड़ते हुए हमारे बच्चों का मार्गदर्शन करेंगे तो निश्चित रूप से वह रोजगार के प्रति भी आगे बढ़ सकते है, इसके लिए हमारे इंदौर के समाज सेवी राजू सैनी स्टेशन मास्टर समाज के बच्चों का मार्गदर्शन कर रहे है, हमारे समाज के विद्यार्थियों के लिए भी हमें शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता दिलाने के लिए प्रयास करना चाहिए, उक्त समाज हित की बातें माली मंथन पत्रिका कार्यालय पर मां सावित्रीदेवी शिक्षा समिति मप्र के अध्यक्ष पुरूषोत्तम सैनी, उपाध्यक्ष मोहनजी पटेल, सदस्य भेरूलालजी सैनी, सत्यनारायण कछावा, संत लिखमीदास शैक्षणिक समिति के हिम्मतजी बागड़ी, सुरेशजी गेहलोत, अशोकजी देवड़ा, पवनजी भाटी के साथ शिक्षा पर विचार मंथन करते हुए कही।

# सैनी रामलीला में सगे भाई ही बनते राम और रावण

जींद। जिले में अलग-अलग जगहों पर चल रही रामलीलाएं अपना इतिहास संयोए हुए हैं। इनमें से एक है पुरानी सब्जी मंडी चौक स्थित सैनी रामलीला। 1984 में समाज के कुछ लोगों ने यूं ही योजना बनाते हुए रामलीला का मंचन शुरू किया था, लेकिन आज इसमें 60 से अधिक कलाकार जुड़े हुए हैं।



सैनी रामलीला से जुड़े सभी कलाकार सिर्फ भगवान की अनुभूति के लिए रामलीला करते हैं। इसके लिए कोई भी पैसे नहीं लेते। रामलीला की सबसे मजेदार बात यह है कि इसमें राम व रावण का किरदार सगे भाई निभा रहे हैं। राम की भूमिका निभाने वाले सूर्यदेव सैनी हैं और उनके बड़े भाई अभिमन्यु सैनी रावण की भूमिका निभाते हैं। दोनों ही भाई कश्मन सर्विस सेंटर चलाते हैं।

रामलीला समिति के प्रधान विक्की सैनी बताते हैं कि शुरू से ही सैनी रामलीला की अपनी अलग छाप है। शुद्व रूप से रामायण का मंचन यहां होता रहा है। सभी कामकाजी लोग इसमें भूमिकाएं निभाते हैं और अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। दस दिन अलग तरह से जीवन जीते हैं कलाकार। रामलीला में राम की भूमिका निभाने वाले सूर्यदेव सैनी बताते हैं कि यूं तो हर साल यही भूमिका निभाने के कारण जीवन में कई प्रकार के बदलाव आए हैं। लेकिन रामलीला मंचन के दस दिन तक सभी कलाकार खुद से ही असामान्य जीवन जीते हैं। सभी कलाकार सात्विक भोजन करते हैं। किसी प्रकार के व्यसन से दूर रहते हैं और जमीन पर ही सोते हैं।

**निजी1 कंपनी में नौकरी के साथ कर रहे अभिनय**

सूर्यदेव सैनी बताते हैं कि सभी कलाकार कामकाजी हैं। लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले प्रीतम सैनी का कपड़े का काम है। निजी कंपनी में काम करने वाले अरुण सैनी सीता बनते हैं तो हनुमान का पात्र बनकर मंचन करने वाले राजदीप सैनी भी निजी कंपनी में काम करते हैं।

**चार दिन पहले बनी योजना और समाज ने शुरू कर दी रामलीला**

सूर्यदेव सैनी के अनुसार इस बार कोरोना के कारण काफी कुछ बदल गया है। ऐसे में रामलीला के मंचन को लेकर कोई योजना पहले से नहीं बनी। चार दिन पहले ही समाज के लोगों ने चर्चा की तो दानियों ने आगे आकर रामलीला का मंचन शुरू करवा दिया।

# महात्मा ज्योतिबा फूले की मूर्ति का अनावरण

## विधायक राणा ने की समाज धर्मशाला के लिए 10 लाख की घोषणा





सुसनेर। महात्मा ज्योतिबा फूले मूर्ति अनावरण कार्यक्रम सुसनेर जिला आगर मालवा में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्र के लाडले विधायक राणा विक्रम सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता के. एल . यादव एसडीएम सुसनेर, विशेष अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह कलारिया, श्रीमती जयकुमार चंद्रावत, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष डश्वक्टर गजेंद्र सिंह चंद्रावत न.पा पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि, भूतपूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष राणा चितरंजन फूले माली समाज अध्यक्ष श्री गोवर्धन पुष्पद, पूर्व पार्षद श्रीमती अंजूबाला कानुडिया, पार्षद प्रतिनिधि श्री मोहन जी कानडिया. मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री बाबू सिंह राजपूत, नगर के सभी गणमान्य नागरिक फूले माली समाज के समाज जन आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

साथ ही विधायक महोदय द्वारा फूले माली समाज धर्मशाला के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा की गई। साथ ही महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यो की सराहना की। उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया सभी अतिथियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। फूले माली सोशल ग्रुप एवं फूले माली समाज की पूरी टीम कार्यक्रम में उपस्थित थी।

कार्यक्रम का संचालन फूलेमाली सोशल ग्रुप आगर जिला प्रभारी घनश्याम पुष्पद ने किया। आभार फूले माली समाज सुसनेर अध्यक्ष एवं फुल माली सोशल ग्रुप कार्यकारिणी सदस्य मध्यप्रदेश गोवर्धन पुष्पद ने माना।

# श्री कृष्ण मन्दिर ट्रस्ट रातानाड़ा की कार्यकारिणी का गठन एवं विस्तार



जोधपुर। श्री कृष्ण मंदिर ट्रस्ट, रातानाडा के वर्ष 2021-24 की तीन वर्षीय कार्यकारिणी का गठन एवं विस्तार किया गया।

श्री कृष्ण मंदिर ट्रस्ट रातानाडा के सचिव प्रकाश सिंह भाटी ने बताया कि ट्रस्ट अध्यक्ष इंद्रसिंह सांखला के निर्देशानुसार वर्ष 202124 की तीन वर्षीय कार्यकारिणी का गठन एवं विस्तार करते हुए अशोक गहलोत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेंद्र सोलंकी उपाध्यक्ष, अर्जुन टाक कोषाध्यक्ष, मुकेश भाटी सह कोषाध्यक्ष तथा ट्रस्टी प्रभारी के रूप में रामस्वरूप भाटी, ई. हिम्मत सिंह गहलोत, दुलीचंद सोलंकी, विशाल सांखला, भूपेंद्र भाटी, त्रिलोक चंद गहलोत के साथ 18 विशेष सदस्य मनोनीत किए गए। सभा में सुरेंद्र कच्छवाह, भेरुलाल परिहार, धनराज भाटी, गणेश परिहार, रामगोपाल सांखला, महेंद्र सोलंकी. यशवर्धन सोलंकी और हेमसिंह देवड़ा आदि सदस्य वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किए। सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



# दशहरा मिलन समारोह में किया समाज सेवियों का सम्मान

## सभी शाखाओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन एक ही जगह हो

नागदा (धार)। संयुक्त माली समाज फूले ब्रिगेड नागदा द्वारा दशहरा मिलन समारोह का कार्यक्रम सोमनाथ मैरिज गार्डन नागदा में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नारायण जाधव प्रदेश अध्यक्ष गुजराती माली समाज मध्य प्रदेश अध्यक्षता विनोद माली अध्यक्ष फूले ब्रिगेड विशेष अतिथि आनंदीलाल माली, मुन्ना लाल देवड़ा अध्यक्ष माली समाज नागदा, विनोद मकवाना,मोहनलाल भाटी, संयोजक शंकरलाल दगदी, घनश्याम माली कार्यवाहक अध्यक्ष फूले ब्रिगेड मंचासीन थे अतिथियों द्वारा ज्योतिबा फूले और सावित्रीबाई फूले के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की अतिथियों का स्वागत नारायण चौहान, प्रहलाद पवार, रमेशचंद्र सांखला, विवेक गौड़, श्याम भाटी व समाजजन द्वारा किया गया।

स्वागत भाषण शंकरलाल दग्दी ने दिया समारोह में संयुक्त माली समाज के हितों को लेकर अग्रणी कार्य करने वाले कई समाज जनों के एवं नागदा माली समाज धर्मशाला में एक एक लाख रुपये की राशि प्रदान करने वाले स्व भेरुलाल सांखला पूर्व सरपंच व स्व श्रीमती भंवरबाई जादम की स्मृति में परिवारजनों द्वारा किए गए सहयोग को लेकर परिजनों का समाज सेवा सम्मान पत्र देकर कार्यक्रम में सम्मानित किया गया कार्यक्रम आयोजक शंकरलाल दगदी का भी समाज सेवा हेतु अभिनंदन पत्र भेट कर गजानन रामी ऊन्जैन संपादक वनमाली पत्रिका व गुजराती रामी माली समाज धार की ओर सुरेश परमार, करण पटेल द्वारा सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि जाधव ने कहा कि समाज जन अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा को लेकर हमेशा अग्रणी रहे समाज की रूढ़िवादी परंपरा का बहिष्कार करें तभी समाज उन्नति के पथ पर अग्रसर रहेगा सभी से समाज की मजबूती के लिए कार्य करने की बात कही दशहरा मिलन समारोह के माध्यम से समाज को एक सूत्र में





बांधने के प्रयास को लेकर आयोजक शंकरलाल दगदी द्वारा सभी समाज जनों से एकता के सूत्र में बध कर समाज के लिए कार्य करने की बात कही कार्यक्रम में लोकेश मकवाना, तेजमल चौहान अलीराजपुर, अनिल गेहलोत धार, रामलाल दग्दी, हीरालाल साँखला, कान्हा साँखला, लालचंद सोलंकी, लक्ष्मीनारायण साँखला, आदि के साथ ही उज्जैन ,धार, इंदौर, बदनावर, हरसोला ,झकनावदा, अलीराजपुर नौगावा,आलोट बड़नगर सहित कई शहरों के समाज जन शामिल हुए।

कार्यक्रम का संचालन विनोद मकवाना बड़नगर ने किया व आभार नितिन सांखला नागदा ने माना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

## संत श्री लिखमीदासजी स्मारक संस्थान के तत्वावधान में

# राजस्थान राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 5 दिसम्बर को



माली (सैनी) समाज का राजस्थान राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार 5 दिसंबर को आयोजित होगा। संत शक्ति के पावन सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में अनेक शिक्षाविदों व जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन प्रास होगा। संत शिरोमणि श्रीलिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा, नागौर के तत्वावधान में होने वाला यह समारोह अमरपरा, नागौर में होगा। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी कोरोना मार्गदर्शन के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

अमरपुरा संस्थान के अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत के निर्देशानुसार कार्यक्रम के लिए प्रतिभा आधार, प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि व शैक्षणिक सत्र भी निर्धारित कर दिए गए हैं। इसके अनुसार एक दिसंबर 2020 के बाद केंद्र व राज्य सरकार सेवा, बैंक, निगम आदि में चयनित समाज बंधुओं का सम्मान किया जाएगा। इसी के साथ ही एमबीबीएस व इसी क्षेत्र में भी पीजी, आयुर्वेदिक चिकित्सक की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले, पीएचडी, गेट, नेट, जेआरएफ चयनित बंधु तथा राशीय खेलकूद प्रतियोगिता में सहभागी बंधुओं का इस सम्मान समारोह में सम्मान किया जाएगा।

संस्थान के कार्यकर्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक व देव मंदिर के पंचम पाटोत्सव के अवसर पर आयोजित किया जाएगा । इस कार्यक्रम के निमित्त प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व समाज बंधुओं द्वारा प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 25 नवंबर 2021 निर्धारित की गई है ।

प्रतिभाओं को अपना नाम, पिता व माता का नाम गोत्र सहित, निवास स्थान, संपर्क सूत्र व पासपोर्ट साइज फोटो स्कैन करके भेजे। पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिभाओं के प्रतिभा आधार प्रतिशत के संदर्भ में संस्थान के कोषाध्यक्ष कमल भाटी के निर्देशन में कार्यालय टीम टीकमचंद कच्छावाह, मांगीलाल गहलोत, रूपचंद टाक, रमेश सोलंकी, बजरंग सांखला, सूरजमल भाटी व राधेश्याम टाक द्वारा संस्थान के जिला प्रभारी और शिक्षाविदों से संपर्क व चर्चा करके अतिशीघ्र निर्धारित किया जाएगा ।

### प्रतिभा मंजूषा का होगा प्रकाशन

इस अवसर इस पंचम पाटोत्सव के अवसर पर माली (सैनी) समाज की राज्य स्तरीय प्रतिभा मंजूषा का भी प्रकाशन किया जाएगा। इसी के साथ इसमें संत शिरोमणि श्रीलिखमीदासजी महाराज के भजनों की साहित्यिक विवेचना से संबंधित लेख भी सादर आमंत्रित हैं । प्रतिभाओं के संबंध में संपूर्ण जानकारी फोटो सहित प्रकाशित की जाएगी। साथ ही संस्थान के पदाधिकारियों के परिचय सहित संस्थान की विविध गतिविधियों का सचित्र प्रकाशन भी किया जाएगा।

## ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज संस्था की मीटिंग दिल्ली में संपन्न

# सामाज द्वारा राजनीतिक दलों से चुनावों में टिकट की मांग

नई दिल्ली। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज संस्था की मीटिंग दिल्ली स्थित ओलंपिया होटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियां विधानसभा में अपने उम्मीदवार खड़े करने बाबत चर्चाएं हैं एवं समाज की एकता अखंडता और एकजुटता के ऊपर भी विचार विमर्श किया संस्था के राष्ट्रीय महासचिव तारा चंद गहलोत ने समाज को एकजुटता के बारे में महात्मा ज्योतिबा फूले एवं माता सावित्रीबाई फूले के कार्यर मों को आगे बढ़ाने के बारे में राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने समाज के अंदर जमीन देने, माता सावित्रीबाई फूले एवं आत्मा फले के नाम से स्कूल कॉलेजों के नाम रखने की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सेवाराम जगदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज संस्थान बड़े जोरों से आगे बढ़ रही है लोगों में जागरूकता उत्पन्न हुई है संगठन मजबूत हुआ है उसको देखते हुए आगामी 3 मासिक मीटिंग पुष्कर में रखने की घोषणा की जो सर्वसम्मति से अध्यक्ष जी ने यह मीटिंग पुष्कर में करने की अनुमति दी है

मीटिंग में पूरे राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश दिल्ली पंजाब हरियाणा उत्तर प्रदेश हिमाचल प्रदेश राजस्थान इत्यादि



राज्यों के अध्यक्ष गण है राष्ट्रीय कोर कमेटी के चेयरमैन दिनेश जी सैनी संरक्षक जय भगवान सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरभजन सिंह सैनी ताराचंद सैनी सूरज मल सैनी राष्ट्रीय महासचिव थावरचंद गहलोत राजकुमार सैनी प्रदेश अध्यक्ष सेवाराम जगदी राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका सैनी राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष प्रदीप सैनी एवं उनकी टीम ने भाग लिया।

मीटिंग के पूर्व तारा चंद गहलोत ने कोरोना काल में गुजरे हुए पदाधिकारियों को श्रद्धांजलि दी है 2 मिनट का मौन रखकर शांति पाठ करके उन्हें दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## माली समाज में सामाजिक जागृति का हल्ला बोल कार्यक्रम

# विकास के मुद्दों पर हुई व्यापक चर्चा

जैतारण। जिला माली सैनी संस्थान की संगठनात्मक मीटिंग विधानसभा क्षेत्र के अनुरूप जैतारण माली समाज बगीची में संपन्न हुई । मीटिंग के मुख्य अतिथि विकास पुरुष जैतारण के विधायक अविनाश गहलोत, रामदेव सोलंकी अध्यक्ष माली समाज एवं अध्यक्षता सोहनलाल टांक संस्थान के पाली जिला अध्यक्ष द्वारा की गई।

मीटिंग का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले, माता सावित्रीबाई फूले एवं माली समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज की पूजा अर्चना एवं दीप जला कर की गई। माली समाज द्वारा बैठक में आए अतिथियों का स्वागत किया। माली समाज जैतारण के छात्रावास अध्यक्ष तुलसीराम ने कहा कि जिला स्तरीय संगठन बनाना बहुत जरूरी है। संगठन का सभी से सहयोग कर माली समाज को विकास शिक्षा एवं एकता की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करना आवश्यक समझें। समाज का शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। माणक भाटी आनंदपुर कालू ने कहा कि समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करना आवश्यक है शिक्षित करने में बच्चों बच्चियों में भेदभाव नहीं होना चाहिए। पूर्व चेयरमैन वैणाराम गहलोत ने कहा कि संगठन में शक्ति है जिसका परिणाम पूर्व विधानसभा चुनाव जैतारण में आप सभी को देखने को मिला है। ताराचंद सैनी, डॉ आनंद भाटी, अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष सोहनलाल टांक ने कहा कि समाज को राजनैतिक, सामाजिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ता हुआ देखकर मजबूती प्रदान करने के लिए समाज बंधुओं को जागृत करने हेतु संगठन बनाना आवश्यक है।

मैं आप सभी से अपील करता हूं कि समाज के हर भाई के साथ दुख सुख में खड़ा रहकर समाज की सेवा करूंगा आप सभी



मुझे तन मन धन से सहयोग करें। विधानसभा क्षेत्र जैतारण से मेरी कार्यकारिणी में सहयोग हेतु सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ें।

मीटिंग के मुख्य अतिथि जैतारण विधायक अविनाश गहलोत ने कहा कि मैं समाज का ऋणी हूं कि मैं संस्थान एवं आप सभी का संपूर्ण रूप से सहयोग करता रहूंगा। माली समाजजैतारण के अध्यक्ष रामदेव सोलंकी ने बताया कि समाज में धन की कोई कमी नहीं होती है जिसको सेवा करने का मौका मिलता है उसे बढ़-चढ़कर सेवा करनी चाहिए। पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम गहलोत ने कहा कि समाज आज ही प्रस्ताव लेकर प्रतिभावान छात्रों को छात्रवृत्ति देने की शुरुआत करें, हम सभी छात्रवृत्ति देने का समर्थन करते हैं।

**मीटिंग में यह थे उपस्थित :** मीटिंग में उपस्थित रामदेव महावर रास, भोमाराम गहलोत, कालुराम देवड़ा, आत्माराम सांखला, ताराराम अमरपुरा, रामेश्वरलाल तंवर,जवरीलाल भाटी, मोहनलाल टांक, सुरेश निमाज, जसाराम गहलोत, चुतराराम भाटी, मिश्रीलाल सोलंकी, चन्दाराम देवड़ा,पप्पूराम सोलंकी, अशोक सोलंकी, नेनुराम चौहान आदि सैकड़ों समाज बन्धु उपस्थित रहे । संपूर्ण मीटिंग कासंचालन भागीरथ भाटी ने किया।

**शहर में माली समाज के 10 हजार लोग चुनाव 24 को थे इससे पहले मौजीज लोगों ने दोनों को घोषित किया अध्यक्ष आपसी सहमति से करेंगे विकास कार्य**

# माली समाज में पहली बार दो अध्यक्ष कोई हारे नहीं इसलिए दोनों प्रत्याशियों को चुना

पाली। चुनाव में यदि एक पक्ष हार जाता है तो दूसरे पक्ष के पूरे कार्यकाल में वह विपक्ष की भूमिका ही निभाता है, लेकिन शहर के माली समाज ने अपने चुनाव में इस संभावना को पूरी तरह से खारिज ही कर दिया। लगभग 10 हजार की आबादी वाले समाज को दिशा-निर्देश देने वाला मुखिया चुनने के लिए हुए चुनाव से पहले ही समाज के लोगों ने अध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचन कर दिया, लेकिन एक नहीं बल्कि दो। दोनों इस पद के लिए आमने सामने खड़े थे लेकिन अलगाव न फैले व समाज का विकास निर्विरोध हो, इसलिए दोनों को ही अध्यक्ष बना दिया। अब समाज के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश काबली व छवरलाल कच्छवाह होंगे। चुनाव निरस्त कर दिए गए हैं और शेष पद उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पर निर्वाचन दोनों अध्यक्ष मिलकर ही तय करेंगे। समाज के इस निर्णय की देशभर में समाजबंधुओं द्वारा प्रशंसा की जा रही है।



कैलाश काबली



छंवरलाल कच्छवाह

### सामूहिक विवाह की प्लानिंग

समाज के अध्यक्ष कैलाश काबली व छंवरलाल कच्छवाह ने निर्वाचन के बाद समाजोत्थान के लिए प्लांनिग भी तैयार कर ली है। फिजूलखर्ची रोकने केलिए शहर में समाज का पहला सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने और बड़े शहरों की तर्ज पर पाली को समाज का शिक्षा हब बनाने को उन्होंने अपनी प्रमुखता में शामिल किया है। समाज की कोई संपति खुर्द बुर्द हो रही है तो उसे समझाइश या कोर्ट के जरिये समाधान करना। सबसे जरूरी काम अपने कार्यकाल में समाज की सैकण्ड लाइन तैयार करना ताकि यूथ के हाथ में भी बागडोर आए।

रामदेव रोड स्थित समाज भवन में शिक्षा के प्रसार के लिए प्लानिंग बनाई जायेगी। सारे कार्यो के लिए मुख्य प्रबंधक कमेटी भी बनायेंगी।

# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर

# हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




युवा नेत्री
**श्रीमती भगवती मनोहर सांखला** को भाजपा की देहात जिला उपाध्यक्ष बननें पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं।




दबंग पुलिस अधिकारी
**आलोक सैनी**
का सीआई से डीवाईएसपी पोस्ट पर प्रमोशन होने पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं।

श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लारामगहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल (ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पुनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, फलोदी
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबुलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा(चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धरमाराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपुर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर
श्री(इंजि.)तेजप्रताप पुत्र श्री मंगलसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अभय सिंह पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आनंदसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री नेपाराम देवड़ा, बालरंवा, तिंवरी
श्री अमृत सांखला, फ्यूचर प्लस क्लासेज, जोधपुर
श्री चेतन देवड़ा पुत्र स्व. श्री मानसिंह देवड़ा, जोधपुर
श्री अरविंद गहलोत (पार्षद) पुत्र श्री मांगलाल गहलोत, जोधपुर
सीए श्री अर्जुन पुत्र श्री कांतिलाल परिहार, बाली, पाली
श्री पप्पुराम पुत्र श्री रामचंद्र गहलोत, चौखा, जोधपुर
डॉ. श्री महेन्द्र भाटी 'त्रिकाल', रायपुर, पाली
श्री रोहित पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री रामेश्वर सिंह पुत्र स्व. लाल सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जगन्नाथ सिंह पुत्र श्री मेघसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हुक्माराम भाटी पुत्र श्री सुखदेवराम भाटी, जोधपुर
श्री श्याम लाल पुत्र श्री बुद्वाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री रामकिशन माली, करौली
श्री चेतन सिंह पुत्र श्री संतोकसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री लुंबाराम देवड़ा, जगदम्बा पब्लिक स्कूल, जोधपुर
श्री विकास कच्छवाहा पुत्र श्री नरेन्द्रसिंह, जोधपुर
श्री कानाराम सांखला, कानजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री कुशाल राम सांखला, रामजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री मुकेश टाक पुत्र श्री हरीसिंह टाक, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र श्री आनंदप्रकाश गहलोत, जोधपुर
श्री आनंदसिंह पुत्र श्री जगदीश सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जयंत सांखला,आर.एस.एम.विद्याश्रम, जोधपुर
श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री मोहनलाल कच्छावा, अजमेर
श्री ताराचंद पुत्र श्री मोतीलाल सांखला, मथानियां
डॉ. कमल सैनी, सोलन, हिमाचल प्रदेश
श्री ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री गणपत जी लाडनूं
डॉ प्रवीण पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राकेश पुत्र श्री छतरसिंह गहलोत, जोधपुर
डॉ. भीमपाल पुत्र श्री बुधाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धमेन्द्र कच्छवाहा,भीलवाड़ा
श्री गोविंद पुत्र श्री भगवानसिंह परिहार, जोधपुर
श्री शरद टाक, जोधपुर
श्री मुकेशराज पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश










## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

## सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

## सदस्यता राशि

**दो वर्ष रू. 600/-** | **5 वर्ष रू. 1,500/-** | **आजीवन रू. 3,100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________________

पता ____________________

फोन/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ________ पोस्ट ________ तहसील ________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रूपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सुर्या होटल के पास, मोहनपुरा पुलिया, नई सड़क चौराहा, जोधपुर - 01 मो. 77379 54550 ( कार्यालय )

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

## ही क्यों ?

### क्योंकि ?

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

### क्योंकि ?

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

द्दह्हश्चक्रछ्हस्ह्क्र

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Cell : 94144 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : सुर्या होटल के पास, मोहनपुरा पुलिया, नई सड़क चौराहा, जोधपुर - 01 मो. 77379 54550 ( कार्यालय )

# माली छात्रसंघ मथानिया के 36वें वार्षिक सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह की झलकियां



Postal Regd No. Jodhpur/496/2021-23

# हार्दिक बधाइयाँ

शिक्षाविद् आदरणीय

**Nirmal Gehlot**

जी हमेशा से ही शिक्षा के साथ मानव सेवा के लिए जाने जाते हैं, ऐसा ही कार्य उन्होंने आज उनकी प्यारी बिटिया

## नेहल गहलोत

के जन्मदिन पर गरीब, असहाय बच्चों के लिए आदरणीय **Dharmveer Jakhar** द्वारा संचालित

## आपणी पाठशाला

में ₹11,00,000/ (11 लाख रुपए) की सहायता प्रदान करके किया है । हम सभी नेहल बिटिया के उज्जवल भविष्य की कामना करते है ।



**जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।**

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR